एक नजर में

पीली मस्जिद में हुई जनजागरुकता संगोष्ठी

सीहोर. कोतवाली पुलिस द्वारा मुस्लिम बहुल क्षेत्र पीली मस्जिद कस्बा में जनजागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया. थाना प्रभारी द्वारा मस्जिद के इमाम, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं को नशे के सामाजिक, मानसिक, आर्थिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई. जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी नशामुक्त समाज के निर्माण में पुलिस का सहयोग करने तथा नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी, मस्जिद के इमाम, क्षेत्र के नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवा साथी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा.

गुरु पूर्णिमा पखवाड़े में एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम

सीहोर. गुरु पूर्णिमा पखवाड़े पर कन्या शिक्षा परिसर में सूर्या फाउंडेशन के तत्वावधान में एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम का प्राकृतिक परिवेश में आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभप्राचार्या डॉ. विनीत गाबा द्वारा पौधा रोपण कर किया गया .प्राचार्या ने कहा कि गुरु हमें अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं, ठीक उसी प्रकार वृक्ष भी हमें स्वच्छ वायु, शीतल छाया और जीवन देकर हमारी रक्षा करते हैं. आज हम अपने गुरु को समर्पित एक-एक पौधा लगाकर प्रकृति और गुरु दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर रहे हैं. छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने गुरु के नाम पर लगाए गए प्रत्येक पौधे को पालेंगी और उसकी सुरक्षा करेंगी.

विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

आष्टा. थाना आष्टा, पार्वती, जावर एवं सिद्दीकगंज द्वारा कस्बा क्षेत्र में पुलिस द्वारा संचालित जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान सांदीपनी स्कूल आष्टा, नवीन प्रागंण मण्डी पार्वती, सांदीपनी स्कूल कस्बा जावर एवं ज्ञान भारती स्कूल सिद्दीकगंज में छात्र-छात्राओं की रैली निकालकर एवं किसान, व्यापारीगण, आमजन से जनसवांद कर नशे के दुष्प्रभाव, नशा मुक्त जीवन के लाभ एवं नशे को सामाजिक, मानिसक, आर्थिक एवं शारीरिक समस्या के रूप मे प्रदर्शित किया गया है. कार्यक्रम में शार्ट फिल्म ,वीडियो, रील दिखाकर एवं बैनर, पोस्टर लगाकर तथा पम्पलेट वितरित कर नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा प्रोत्साहित किया.

सुकून की रसोई में मरीजों के परिजनों को परोसा भोजन

सीहोर. जिला अस्पताल परिसर में एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना, एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे तथा एसडीओपी श्रीमती पूजा शर्मा ने नागरिकों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई. इस अवसर पर एसपी श्रीमती सक्सेना ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज के लिए खतरा है.नशे की लत मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर बनाकर उसके भविष्य को प्रभावित करती है. उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. इस दौरान टीम संडे का सुकून द्वारा संचालित सुकून की रसोई से मरीजों के परिजनों को भोजन भी वितरित किया गया. पुलिस अधिकारियों ने स्वयं भोजन परोसकर सेवा भाव का संदेश दिया. इस अवसर पर सीएसपी डॉ अभिनंदना शर्मा, यातायात प्रभारी बृजमोहन धाकड़, थाना प्रभारी मंडी सुनील मेहर मौजूद थे.

दक्ष प्रजापति जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह

आष्टा. प्रजापति कुम्हार समाज द्वारा राजा दक्ष प्रजापति के जन्मोत्सव पर चल समारोह निकाला गया. चल समारोह का शुभारंभ बायपास चौराहा से हुआ जो नगर के इंदौर नाका, अलीपुर चौराहा, रेस्ट हाउस होता हुआ मां पार्वती तट पहुंचा. मां पार्वती नदी तट पर महाराज राजा दक्ष की महाआरती कर प्रसादी वितरण की गई. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने राजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है. यह समाज न केवल अपनी कड़ी मेहनत और हुनर से सृजन का कार्य करता है. इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, कमलेश जैन, जुगल किशोर मालवीय, राकेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे.

लोड शेडिंग की आड़ में कटौती के खेल से आमजन त्रस्त

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जारी अघोषित कटौती पर फूटा जनाक्रोश, गांव- गांव में शुरू हुआ चक्काजाम व प्रदर्शन

- कांकरखेड़ा और मुगीसपुर में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम
- अगर कटौती बंद नहीं हुई तो ग्रामीण करेंगे जनांदोलन

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 जुलाई. जिले में लोड शेडिंग के नाम पर लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश अब सड़कों पर उतर आया है. कई गांवों में रातभर प्रदर्शन, नारेबाजी और चक्काजाम हुआ. बिजली व्यवस्था से परेशान लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा.

बिलकीसगंज. क्षेत्र में लोड शेडिंग के दौरान की जा रही कटौती के विरोध में सरपंच के नेतृत्व में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया.

सीहोर. ग्राम कांकरखेड़ा के समीप बीती रात ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था.

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोड शेडिंग और अघोषित बिजली कटौती से लोगों का सब्र जवाब देने लगा है. पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से मध्य रात्रि के बाद घंटों बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीण अब सड़कों पर उतर आए हैं. सोमवार देर रात इछावर रोड स्थित कांकरखेड़ा के समीप दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. इसके अलावा मुगीसपुर सहित अन्य गांवों में भी लोगों ने नारेबाजी कर विरोध जताया, जबकि बिलकिसगंज में ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कटौती बंद करने की मांग की.

गर्मी और उमस के बीच रातभर बिजली गायब रहने से बुजुर्ग, बच्चे और मरीज सबसे अधिक परेशान हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग बिना किसी पूर्व सूचना के लोड शेडिंग के नाम पर घंटों बिजली बंद कर देता है. इससे लोगों की नींद हराम हो गई है, वहीं किसानों की सिंचाई और छोटे व्यापारियों का काम भी प्रभावित हो रहा है.

इधर बिलकिसगंज में ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर लोड शेडिंग के नाम पर हो रही कटौती तत्काल बंद करने की मांग की. उन्होंने कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर जनआंदोलन किया जाएगा। हैरानी की बात यह है कि लगातार बढ़ते जनाक्रोश के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है. इससे लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है.

केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं, जिला मुख्यालय सीहोर की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है. घोषित कटौती के अलावा बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती से शहरवासी भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और विभाग के दावे धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे. अब जिलेभर के लोग नियमित और निर्बाध बिजली देने की मांग कर रहे हैं.

ग्रामीणों के चक्काजाम से लगी वाहनों की कतार

कांकरखेड़ा में हुए चक्काजाम के कारण इछावर रोड पर लंबा जाम लग गया और यातायात प्रभावित रहा. सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोगों का आक्रोश शांत नहीं हुआ. ग्रामीणों का कहना था कि न रात में सोने दे रहे हैं, न दिन में काम करने. आखिर कब तक लोड शेडिंग के नाम पर जनता को परेशान किया जाएगा. काफी समझाइश और बिजली व्यवस्था में सुधार के आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त कराया जा सका, लेकिन ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर अघोषित बिजली कटौती पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन और व्यापक होगा. मुगीसपुर सहित अन्य गांवों में भी लोगों ने बिजली कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया.

ऊपर से ही होती है लोड शेडिंग

इसमें हमारी कोई भूमिका नहीं रहती है. लोड शेडिंग के चलते ऊपर से ही सप्लाई बंद होती है. जिला स्तर से कोई कटौती नहीं होती है. पिछले तीन दिन में 24 जुलाई को बहुत कम देर तक सप्लाई बंद थी, 25 व 26 जुलाई को जरूर थोड़ी ज्यादा देर तक विद्युत सप्लाई बंद रही.

पूनम तूमराम,
अधीक्षण यंत्री

जुआ खेलते 3 आरोपी गिरफ्तार, 4 फरार

नवभारत न्यूज

भैरुंदा 27 जुलाई. पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 हजार नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं. वहीं चार आरोपी पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है.

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम राला स्थित खात्याखेड़ी रोड मोड़ के पास कुछ लोग ताशपत्तों से जुआ खेल रहे हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने ऋषिनगर कॉलोनी निवासी अमित काचले, ग्राम तिलाड़िया शुभम राजपूत तथा अंकित राजपूत को गिरफ्तार कर

उनके पास से 20 हजार नकद और ताश के पत्ते बरामद किए गए. पुलिस के अनुसार निर्मल यादव, राजेन्द्र तोमर, राजकुमार पंवार एवं पदम पंवार सहित अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए. उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही है. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध जुआ के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है.

डम्पर से टकराकर गड्ढे में उतरी यात्रियों से भरी बस

- सोंडा के समीप हुए हादसे में यात्रियों को आई मामूली चोटें
- लसूड़िया परिहार के समीप आटो पलटने से तीन घायल

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 जुलाई. सोमवार को इंदौर-भोपाल हाईवे पर सोंडा के समीप यात्री बस एक डंपर से टकराने के बाद सड़क किनारे पुलिया के नीचे उतर गई. राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे और एक बड़ा हादसा टल गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हंस ट्रैवल्स की बस इंदौर से यात्रियों को लेकर भोपाल की ओर जा रही थी. इसी दौरान सोंडा- के पास सामने से आ रहे डंपर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका और बस पुलिया के नीचे उतर गई. हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया. सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है और किसी के भी गंभीर रूप से घायल होने की

सूचना नहीं है.

इधर एक अन्य हादसे में ग्राम लसूड़िया परिहार के समीप एक ऑटो पलट गया. इस हादसे में ऑटो सवार पांच सवारियों को चोटें आईं. सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां दो महिलाओं सहित तीन लोगों को अधिक चोट आने पर भर्ती किया गया है.

जेल में हेपेटाइटिस जांच शिविर आज

सीहोर. विश्व हेपेटाइटिस दिवस परजागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा. सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि हेपेटाइटिस-बी एवं हेपेटाइटिस-सी की रोकथाम, समय पर जांच, उपचार तथा जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिविर लगाया जाएगा. जेल में विशेष हेपेटाइटिस जांच शिविर आयोजित कर बंदियों की हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की जाएगी.

मेहनत व लगन के साथ अपना लक्ष्य प्राप्त करें विद्यार्थी

- विधायक इंजीनियर ने शिक्षकों व विद्यार्थियों का किया सम्मान
- विधायक ने छात्र- छात्राओं को साइकिल वितरित कीं

नवभारत न्यूज

आष्टा 27 जुलाई. गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत सांदीपनि स्कूल में सांदीपनि उत्सव का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर सहित

जनप्रतिनिधि शामिल हुए. विधायक इंजीनियर ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया. साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी स मान किया गया. साथ ही मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण भी किया गया. इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया.

प्रभुप्रेमी संघ मनाएगा गुरुपूर्णिमा महोत्सव

आष्टा. प्रभुप्रेमी संघ द्वारा गुरूपुर्णिमा महोत्सव श्री मानस भवन में मनाया जाएगा. भजन गायक श्रीराम श्रीवादी एवं उनकी मण्डली तथा अन्य भजन गायकों द्वारा गुरू वंदना का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा कथाकार वैभव भटैले प्रवचन देंगे. प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति ने सभी श्रद्धालुजन से अपील की है कि कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लें.

पीड़ित किसान से मिलने पहुंचे आयोग अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 जुलाई. ग्राम बरबेली में11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आकर घायल हुए किसान सतीश मेवाड़ा से मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने गांव में मुलाकात की.

उन्होंने पीड़ित किसान से पूरे मामले की जानकारी लेकर जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा दिया. गौरतलब है कि करीब एक माह पूर्व खेत में कार्य करते समय 11 केवी की झूलती विद्युत लाइन की चपेट में आने से किसान सतीश मेवाड़ा गंभीर रूप से झुलस गए थे. हादसे में उनका एक हाथ काटना पड़ा, जबकि शरीर का दूसरा हिस्सा भी गंभीर रूप से घायल हो गया था. आयोग अध्यक्ष एपी सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी तथा यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

अब तक औसत 452 .8 मिमी वर्षा दर्ज

सीहोर. पिछले चौबिस घंटों में जिले में औसतन 1.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई. 6 मिमी वर्षा सीहोर तहसील में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा बुधनी में 3.5 मिमी तथा आष्टा में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई. श्यामपुर, जावर, इछावर, भैरूंदा एवं रेहटी तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई.

विजेता खिलाड़ियों को वितरित किए पुरस्कार

नवभारत न्यूज

सीहोर 27 जुलाई. पिछले 3 वर्ष की सफलता के बाद इस वर्ष भी आईईएस पब्लिक स्कूल में 4 दिवसीय मेगा सीबीएसई क्लस्टर स्टेट लेवल टेबल टैनिस बॉयज एवं गर्ल्स क पटीशन का शुभारंभ आईईएस पब्लिक स्कूल में किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय एवं चांसलर इंजी. बीएस यादव आईईएस यूनिवर्सिटी मौजूद थे.

टूर्नामेंट में लीग मुकाबले एवं सेमी फाइनल के विजेताओं के बीच फाइनल मुकाबले खेले गए. सीबीएसई क्लस्टर टेबल टैनिस टूर्नामेंट में 14, 17 एवं 19 वर्ष के एज ग्रुप के बॉयज एवं गर्ल्स के बीच मुकाबले खेले गए. जिसमें प्रदेश के सभी सीबीएसई स्कूल में से 500 से आधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया.

इस प्रतियोगिता में सीहोर, भोपाल सहित इंदौर, रीवा, देवास, जबलपुर, जावरा आदि जिलों से छात्रों ने हिस्सा लिया. मेगा सीबीएसई क्लस्टर स्टेट लेवल टेबल टैनिस बॉयज एवं गर्ल्स क पटीशन का आरंभ लीग मुकाबलों के साथ किया गया जिनमें अन्डर 19 बॉयज से विद्यासागर स्कूल इंदौर, अन्डर 17 बॉयज से न्यू दिगंबर स्कूल इंदौर अन्डर, 14 बॉयज से सत्यसांई स्कूल इंदौर, वहीं अन्डर 19 गर्ल्स वर्ग से सत्यसांई स्कूल इंदौर, अन्डर 17 गर्ल्स वर्ग न्यू दिगमबर स्कूल, इंदौर अन्डर, 14 गर्ल्स से शिशुकुंज इन्टरनेशनल स्कूल विजयी रहे. अंत में विधायक सुदेश राय, एवं इंजी. बीएस यादव द्वारा टीमों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया.

प्रदर्शन नर्मदपुरम से आ रही किसान अधिकार पदयात्रा को रोके जाने से आक्रोशित हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

पदयात्रा रोकने पर कांग्रेस व प्रशासन में तकरार

नवभारत न्यूज

बुधनी 27 जुलाई. नर्मदापुरम से किसान अधिकार पदयात्रा को प्रशासन द्वारा रोके जाने के विरोध में सोमवार को सियासी हलचल और तनावपूर्ण माहौल बना रहा. कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नर्मदापुरम की ओर कूच करने का प्रयास किया. लेकिन प्रशासन ने नगर की सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करते हुए बैरिकेडिंग कर दी थी. कई बार कांग्रेस नेताओं और पुलिस-प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश

सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए किसान अधिकार पदयात्रा को रोके जाने का विरोध किया. प्रदर्शनकारी कई बार पुलिस बैरिकेड्स पार कर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोकते हुए समझाइश दी. स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी.

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल ने किया. उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश राजपूत, किसान कांग्रेस अध्यक्ष हरीश मीणा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे. टकराव की स्थिति बनने परवरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा. एडीएम बृजेश सक्सेना और एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने कांग्रेस नेताओं से चर्चा कर शांतिपूर्ण ढंग से बात रखने की समझाइश दी. इस दौरान एसडीओपी रवि शर्मा, एसडीएम संजीव कुमार नागू, तहसीलदार राकेश खजूरिया मौजूद थे.